सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **229**
16/03/2026

गृह विभाग में 'महिला सुरक्षा' विषय पर आयोजित प्रशिक्षण का द्वितीय चरण सम्पन्न

पटना, 16 मार्च 2026 :– अभियोजन निदेशालय (गृह विभाग), बिहार पटना के सभा कक्ष में महिला सुरक्षा विषय पर 05 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का द्वितीय चरण आज दिनांक 16.03.2026 को सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में अभियोजन निदेशालय, गृह विभाग, बिहार, पटना द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों से नामित कुल 25 (पच्चीस) अभियोजन पदाधिकारियों ने भाग लिया। उक्त समापन समारोह के मुख्य अतिथि डा० अजय कुमार, शैक्षणिक संकाय, CNLU, श्री रंजीत शंकर प्रसाद, मुख्य विधि पदाधिकारी, गृह विभाग, बिहार, श्री ब्रजेश पाण्डेय, सेवानिवृत जिला अभियोजन पदाधिकारी, निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, बिहार थे।

श्री धर्मेश कुमार, प्रभारी निदेशक, अभियोजन निदेशालय, बिहार, पटना, डा० रविकान्त देव, उपनिदेशक–सह–सत्र समन्वयक, अभियोजन निदेशालय, बिहार तथा उपस्थित अतिथि द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र, सामुहिक तस्वीर एवं मोमेन्टो प्रदान किया गया।

इस कार्यक्रम में श्री अरविन्द कुमार, सहायक निदेशक, श्री राजेश कुमार, सहायक अभियोजक, श्रीमति सीमा शर्मा, अभियोजन पदाधिकारी, सुश्री रागिनी कुमारी, अभियोजन पदाधिकारी, नेयाज अहमद, अभियोजन पदाधिकारी, श्री रंजय कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी, श्री आलोक कुमार, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी तथा श्री ईशाद आलम, प्रोग्रामर, एवं अभियोजन निदेशालय के कर्मी उपस्थित थे।

————————————